**OLD**

इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत खण्ड–क 26 + खण्ड–ख/ग/घ 8/8/8 प्रश्न हैं।

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **चार** खण्ड हैं—खण्ड 'क', खण्ड 'ख', खण्ड 'ग' और खण्ड 'घ'।

(ii) खण्ड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ख', खण्ड 'ग' और खण्ड 'घ' में से **केवल एक खण्ड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) खण्ड 'क' 80 अंकों का और खण्ड 'ख' **अथवा** खण्ड 'ग' **अथवा** खण्ड 'घ' 20 अंकों का है।

## खण्ड–क

**1.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

मैं जानउँ निज नाथ सुभाऊ। अपराधिहु पर कोह न काऊ॥
मो पर कृपा सनेहु बिसेषी। खेलत खुनिस न कनहूँ देखी॥
सिसुपन तें परिहरेउँ न संगू। कबहुँ न कीन्ह मोर मन भंगू॥
मैं प्रभु कृपा रीति जियँ जोही। हारेहुँ खेल जितावहिं मोही॥

**अथवा**

परंपरा और क्रांति में
संघर्ष चलने दो।
आग लगी है तो
सूखी टहनियों को जलने दो।
मगर जो टहनियाँ
आज भी कच्ची और हरी हैं,
उन पर तो तरस खाओ।
मेरी एक बात तो तुम मान जाओ।

**2.** 'वह तोड़ती पत्थर' कविता के आधार पर शोषक और शोषित वर्ग के जीवन की विषमताओं का उल्लेख कीजिए। 3

**3.** पठित सामग्री के आधार पर सगुण भक्तिधारा और निर्गुण भक्तिधारा की किन्हीं **तीन** प्रमुख विशेषताओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

**4.** 'फाग' शीर्षक कविता में कवि पद्माकर की नायिका अपनी किस विवशता का वर्णन कर रही है? उल्लेख कीजिए। 2

**अथवा**

'ग्रीष्म' ऋतु के वर्णन में सेनापति ने जेठ मास की गर्मी की जिस दाहकता का अनूठा चित्रण किया है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

**5.** कुँवर नारायण की 'शान्ति की दुकान' कविता में छिपे व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए। 2

**अथवा**

'कुदाल' कविता में कुदाल को लेकर कवि की मुख्य समस्या क्या है व इसका आशय क्या है?

**6.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

आत्मा का चिह्न सज्ञानता है और आत्मा परमात्मा का ही अंश है। अतएव जिन पदार्थों में ज्ञान का होना सिद्ध है वे अवश्यमेव ईश्वर से सम्बन्ध रखते हैं। ईश्वर के व्यापक होने में अभी तक लोगों को विश्वास न था; परन्तु धन्य हैं अध्यापक वसु जिन्होंने अपने अद्‌भुत आविष्कार द्वारा भारतवर्ष के प्राचीन ऋषियों के इस वचन को सत्य सिद्ध कर दिया—''सर्वं खल्विदं ब्रह्म''।

**अथवा**

वह वशी है। वह वैरागी है। राजा जनक की तरह संसार में रहकर, सम्पूर्ण भोगों को भोगकर भी उनसे मुक्त है। जनक की ही भाँति वह घोषणा करता है, ''मैं स्वार्थ के लिए अपने मन को सदा दूसरे के मन में घुसाता नहीं फिरता, इसलिए मैं मन को जीत सका हूँ, उसे वश में कर सका हूँ''।

**7.** 'एक था पेड़ और एक था ठूँठ' पाठ में बाँझ के हरे-भरे पेड़ और ठूँठ के माध्यम से लेखक आपको क्या प्रेरणा दे रहा है और क्यों? स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

''जिन्दगी जिन्दादिली का नाम है, मुर्दादिल क्या ख़ाक जिया करते हैं?'' कथन का आशय स्पष्ट करते हुए बताइए कि 'हँसी-खुशी' पाठ के लेखक ने हँसी को एक कला-कौशल क्यों माना है।

**8.** 'भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है?' पाठ के लेखक द्वारा सुझाए गए किन्हीं ऐसे **तीन** उपायों का उल्लेख कीजिए जिनका योगदान देश की उन्नति में अहम भूमिका निभा सकता है। 3

**अथवा**

'अनपढ़ बनाए रखने की साजिश' पाठ में वर्णित 'पुस्तकों की उपेक्षा' के **तीन** प्रमुख कारणों का विवेचन कीजिए।

**9.** विद्यानिवास मिश्र के 'संस्कृति और समन्वय' निबन्ध के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि समन्वय भारतीय संस्कृति की आत्मा है। 2

**अथवा**

सिद्ध कीजिए कि 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' लेख एक व्यंग्य रचना है।

**10.** 'दो कलाकार' कहानी में क्या अरुणा को भी कलाकार कहा जाना उचित है? तर्क सहित उत्तर दीजिए। 2

**11.** कुंजर सिंह **अथवा** अलीमर्दान के चरित्र की **तीन** प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 3

**12.** 'विराटा की पद्मिनी' उदात्त प्रेम की कथा है जिसका अन्त भी आत्मोत्सर्ग में होता है। इस कथन की पुष्टि सोदाहरण कीजिए। 5

**अथवा**

'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास में "बुन्देलखण्ड के लोकजीवन, लोकगीत और लोकभाषा का सफल चित्रण हुआ है"—इस कथन पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

**13.** विराटा के पतन की सम्भावना पर कुंजर सिंह ने कुमुद से क्या कहा? 1

**14.** सिंहगढ़ पर विजय प्राप्त करने के बाद देवी सिंह ने छोटी रानी के साथ कैसा व्यवहार किया? 1

**15.** विवेचन में व्यवधान पैदा करने वाले तत्त्वों का नामोल्लेख करते हुए किसी **एक** पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। 3

**16.** चिन्तन प्रक्रिया का भाषा से क्या सम्बन्ध होता है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

**17.** निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त छंद का नाम लिखिए : 1

नैनाँ अन्तरि आव तूँ, ज्यूँ हौं नैन झँपेउँ।<br>
ना हौं देखौं और कूँ, ना तुझ देखन देउँ।।

**18.** निम्नलिखित पंक्तियों में संकेतित रस का नाम लिखिए : 1

'सेनापति' आवन, कह्यौ है मनभावन,<br>
सो लाग्यो तरसावन बिरह जुर जोर तैं।<br>
आयो सखि सावन, मदन सरसावन,<br>
लग्यौ है बरसावन, सलिल चहुँ ओर तैं।

**19.** निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों के नाम लिखिए : 1+1

(क) बरसा रहा है रवि अनल, भूतल तवा-सा जल रहा।

(ख) आगे नदिया पड़ी अपार, घोड़ा कैसे उतरे पार।
राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार।।

**20.** रूपक **अथवा** उत्प्रेक्षा अलंकार का **एक** उदाहरण लिखिए। 1

**21.** कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) अब चलें। (भाववाच्य में बदलिए) 1

(ख) बोलते क्यों नहीं क्या गूँगे हो (उपयुक्त विराम-चिह्न लगाइए) 1

(ग) मुझे केवल मात्र दस रुपये चाहिए। (वाक्य शुद्ध कीजिए) 1

(घ) छात्र पुस्तकें उठाकर घर चले गए। (मिश्रित वाक्य में बदलिए) 1

(ङ) पक्षी आकाश में उड़ रहे हैं। (वाक्य में प्रयुक्त क्रिया-भेद बताइए) 1

**22.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :

(क) संधि-विच्छेद कीजिए : 1
स्वच्छ ; प्रतीक्षालय।

(ख) समास के नाम बताइए : 1
गंगाजल ; दिनभर।

(ग) उपसर्ग अलग करके लिखिए : 1
अनुराधा ; दुर्गम।

(घ) अर्थ की दृष्टि से वाक्य-भेद बताइए : 1
अगर तुमने परिश्रम किया होता, तो परीक्षा में उत्तीर्ण हो गए होते।

(ङ) प्रत्यय अलग करके लिखिए : 1
पारिवारिक ; लुटेरा।

**23.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *250* शब्दों में निबन्ध लिखिए : 8

(क) साम्प्रदायिकता—देश की एकता में बाधक

(ख) महानगरों में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा

(ग) गया समय लौट कर नहीं आता

(घ) दिनों-दिन बढ़ती महँगाई

(ङ) आज का युवावर्ग और फैशन

**24.** आपकी कॉलोनी के चारों ओर सड़कों में बेहद टूट-फूट हुई पड़ी है, ऊपर से बरसात आने वाली है। नगर निगम के सम्बन्धित अधिकारी को कॉलोनी के निवासियों की ओर से पत्र लिखिए जिसमें बरसात आने से पूर्व सड़कों की मरम्मत की प्रार्थना हो। 5

**अथवा**

आपका भाई सी॰ बी॰ एस॰ ई॰ की बारहवीं की परीक्षा में 98% अंक प्राप्त कर सफल हुआ है। उसे बधाई-पत्र लिखिए।

**25.** व्याकरण में विशेषण के मुख्यतः **चार** भेद हैं—(1) गुणवाचक विशेषण, (2) संख्यावाचक विशेषण, (3) परिमाणवाचक विशेषण तथा (4) सार्वनामिक विशेषण। आगे चलकर संख्यावाचक विशेषण के दो भेद हो जाते हैं—(1) निश्चित संख्यावाचक विशेषण और (2) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण।

इस ज्ञान को वृक्ष-आरेख द्वारा प्रदर्शित कीजिए। 3

**26.** निम्नलिखित अवतरण का सार लगभग **एक-तिहाई** शब्दों में लिखिए तथा एक उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए : 3+1

अनावश्यक, असुविधाजनक तथा अनुपयोगी आवाज ही शोर है। एक व्यक्ति के लिए जो संगीत है, वही दूसरे के लिए शोर हो सकता है। हवाई जहाजों और जेट विमानों के भीषण गर्जन, सड़कों पर मोटरों, बसों की पों-पों, ट्रकों की धड़-धड़, कारखानों से आने वाली तेज़ आवाज़, रेलगाड़ी की आवाज़, धार्मिक स्थलों एवं विवाह-शादियों के अवसरों पर लाउड-स्पीकरों का शोर, टी॰ वी॰, रेडियो की कान फाड़ने वाली आवाज़ें ध्वनि-प्रदूषण के कारण हैं।

शोर पर अनुसंधान कर रहे वैज्ञानिकों का मत है कि शोर एक ध्वनि-प्रदूषण है जो मनुष्य मात्र के स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डालता है। शोर के कारण कान की ध्वनिग्राही कोशिकाओं के संवेदी रोम नष्ट हो जाते हैं। ध्वनि-प्रदूषण से मनुष्य केवल श्रवण-दोष से ग्रसित ही नहीं होता, उसे रक्तचाप, अल्सर, तेज़ सिरदर्द, अनिद्रा आदि रोग भी हो सकते हैं।

## खण्ड–ख

## ( कार्यालयी हिन्दी )

**27.** अनुस्मारक या स्मरण-पत्र क्या होता है? 1

**28.** सम्पर्क भाषा किसे कहते हैं? 1

**29.** अर्ध-सरकारी और सरकारी पत्र में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

**30.** नेमी टिप्पणियाँ कौन-सी टिप्पणियाँ होती हैं? इन्हें किन प्रयोजनों से लिखा जाता है? समझाइए। 3

**31.** कार्यालयी कामकाज में सार-लेखन की आवश्यकता क्यों पड़ती है? 3

**32.** संविधान में राजभाषा के सम्बन्ध में क्या व्यवस्था की गई है? 3

**33.** निम्नलिखित में से किन्हीं **छह** शब्दों के हिन्दी पर्याय लिखिए : 3

Pay Scale ; Evaluation ; Priority ; Officiating ; Draft ; Statutory ; Auditor ; Discrepancy ; Deputation.

**34.** निम्नलिखित विभागों/मंत्रालयों में से किन्हीं **तीन** के प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए : 3

संघ लोक सेवा आयोग ; योजना मंत्रालय ; रक्षा मंत्रालय ; कर्मचारी चयन आयोग ; भारतीय जीवन बीमा निगम ; सूचना और प्रसारण मंत्रालय।

## खण्ड–ग

## ( संचार हिन्दी )

**27.** पत्रकार-दीर्घा किसे कहते हैं? 1

**28.** श्रमजीवी पत्रकार कौन होता है? 1

**29.** दूरदर्शन की भाषा की विशेषताओं पर संक्षेप में प्रकाश डालिए। 3

**30.** सेल्यूलर फोन क्या है? संचार के क्षेत्र में इसकी उपादेयता पर प्रकाश डालिए। 3

**31.** विज्ञापन किसे कहते हैं? उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। 3

**32.** संचार माध्यमों में अनुवाद की आवश्यकता क्यों पड़ती है तथा उसका भाषा पर क्या प्रभाव पड़ता है? 3

**33.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** को परिभाषित कीजिए : 3

उद्घोषक ; ऑफसेट ; खोया-पाया ; परिशिष्ट ; गैली ; दीर्घाक्षर।

**34.** भेंट-वार्ता लेने वाले व्यक्ति में क्या-क्या गुण होने चाहिए? 3

## खण्ड–घ

## ( वैज्ञानिक हिन्दी )

**27.** श्वेत क्रान्ति से क्या तात्पर्य है? 1

**28.** वैज्ञानिक दृष्टि क्या होती है? 1

**29.** पर्यावरण प्रदूषण के किन्हीं **तीन** प्रमुख स्वरूपों पर प्रकाश डालिए। 3

**30.** भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारणों का संक्षेप में उल्लेख कीजिए। 3

**31.** 'सुश्रुत संहिता' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 3

**32.** विज्ञान की भाषा की **तीन** प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 3

**33.** किन्हीं **तीन** को परिभाषित कीजिए : 3

अलिन्द ; अमोनिया ; भूतापीय ऊर्जा ; हॉर्मोन ; हार्ड डिस्क।

**34.** कम्प्यूटर की किन्हीं **तीन** प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 3

**NEW**

इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत खण्ड–क 21 + खण्ड–ख/ग 4/4 प्रश्न हैं।

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में **तीन** खण्ड हैं—खण्ड 'क', खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग'।

(ii) खण्ड 'क' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ख' और खण्ड 'ग' में से **केवल एक खण्ड** के प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) खण्ड 'क' 85 अंकों का और खण्ड 'ख' **अथवा** खण्ड 'ग' 15 अंकों का है।

## खण्ड–क

**1.** (क) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

पुलकि सरीर सभा भए ठाढ़े। नीरज नयन नेह-जल बाढ़े।।
कहब मोर मुनिनाथ निबाहा। एहि तें अधिक कहौं मैं काहा।।
मैं जानउँ निज नाथ सुभाऊ। अपराधिहु पर कोह न काऊ।।
मो पर कृपा सनेहु बिसेषी। खेलत खुनिस न कबहूँ देखी।।

**अथवा**

स्वातंत्र्य जाति की लगन, व्यक्ति की धुन है,
बाहरी वस्तु यह नहीं, भीतरी गुण है।
नत हुए बिना जो अशनि-घात सहती है,
स्वाधीन जगत में वही जाति रहती है।
वीरत्व छोड़ पर का मत चरण गहो रे!
जो पड़े आन, खुद ही सब आग सहो रे!

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

कहलाने एकत बसत, अहि, मयूर, मृग, बाघ।
जगत तपोवन सौ कियौ, दीरघ-दाघ निदाघ।।

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *35–35* शब्दों में दीजिए : 2+2=4

(क) 'मुझे कदम-कदम पर' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए कि आज के रचनाकार की परेशानी क्या है।

(ख) 'कठपुतली' कविता के आधार पर समझाइए कि स्वाधीन चेतना क्यों जरूरी है।

(ग) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता के प्रारम्भ में प्रयुक्त 'वह' सर्वनाम कविता के अन्त में 'मैं तोड़ती पत्थर' में बदल जाता है। 'वह' और 'मैं' दोनों के प्रयोग से कवि क्या संदेश देना चाहता है?

**3.** रामभक्ति शाखा और कृष्णभक्ति शाखा में अन्तर के किन्हीं **दो** प्रमुख बिन्दुओं का सोदाहरण उल्लेख कीजिए। 2

**4.** 'मैं नीर भरी दुख की बदली' **अथवा** 'मौन' कविता का केन्द्रीय भाव *30–40* शब्दों में स्पष्ट कीजिए। 2

**5.** निम्नलिखित पंक्तियों में निहित छन्द और अलंकार के नाम लिखिए : 2

जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत गति सोय।
बारे उजियारो लगै, बढ़ै अँधेरो होय॥

**6.** (क) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

यह अधिकार सिर्फ सबल के हिस्से में आता है। निर्बल के लिए तो कर्त्तव्य और सिर्फ दायित्व ही आते हैं। इसीलिए आज मैंने अपना सारा बल समेट लिया है। शेष जो बच गया है, उसे भी बटोर लेना चाहती हूँ, क्योंकि मैं अपना वजूद सुरक्षित चाहती हूँ। मैं जीना चाहती हूँ क्योंकि सृष्टि के इस अजस्र प्रवाह में मेरा भी कहीं कोई अंश है, मेरी भी अपनी कोई भागीदारी है।

**अथवा**

वह दूसरे के द्वार पर भीख माँगने नहीं जाता, कोई निकट आ गया तो भय के मारे अधमरा नहीं हो जाता, नीति और धर्म का उपदेश नहीं देता फिरता, अपनी उन्नति के लिए अफसरों का जूता नहीं चाटता फिरता, दूसरों को अवमानित करने के लिए ग्रहों की खुशामद नहीं करता। आत्मोन्नति के हेतु नीलम नहीं धारण करता, अंगूठियों की लड़ी नहीं पहनता, दाँत नहीं निपोरता, बगलें नहीं झाँकता।

(ख) पठित पाठ के आधार पर रामचन्द्र शुक्ल **अथवा** राजेन्द्र यादव की भाषा-शैली की **दो** विशेषताओं का सोदाहरण परिचय दीजिए। 2

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *40–40* शब्दों में दीजिए : 2+2=4

(क) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' के आधार पर बताइए कि नई पीढ़ी पुरानी पीढ़ी से क्या चाहती है।

(ख) 'एक था पेड़ और एक था ठूँठ' पाठ में लेखक 'पेड़' और 'ठूँठ' के माध्यम से क्या कहना चाहता है?

(ग) अपने यात्रा-वृत्तांत में मोहन राकेश ने 'आखिरी चट्टान' किसे कहा है और क्यों?

**8.** 'दो कलाकार' कहानी में क्या अरुणा को कलाकार माना जा सकता है? **दो** तर्क देते हुए उत्तर की पुष्टि कीजिए। 2

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग *50–50* शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास की भाषा-शैली की **तीन** विशेषताओं का सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

(ख) कुमुद के चरित्र की **तीन** प्रमुख विशेषताओं को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ग) आज की सामाजिक परिस्थितियों में 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास क्या संदेश देता है? स्पष्ट कीजिए।

**10.** कुमुद की रक्षा के विषय में रामदयाल ने बड़ी रानी से क्या कहा? 1

**11.** कुंजर सिंह को अलीमर्दान की सहायता अच्छी क्यों नहीं लगी? 1

**12.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान से पढ़कर उस पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

यह बुरा है या कि अच्छा व्यर्थ दिन इस पर बिताना,
जो असंभव, छोड़ वह पथ, दूसरे पर पग बढ़ाना।
तू इसे अच्छा समझ यात्रा सरल इससे बनेगी
सोच मत, केवल तुझे ही यह पड़ा मन में बिठाना
हर सफल पंथी यही विश्वास ले पथ पर बढ़ा है,
तू इसी पर आज अपने चित्त का अवधान कर ले।
पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले।

(क) कवि के अनुसार किसी मार्ग पर चलने से पहले क्या कर लेना जरूरी है? 1

(ख) किसी मार्ग के बारे में भला-बुरा की बहस करने से अच्छा क्या है? 1

(ग) यात्रा कब सरल हो जाती है और क्यों? 1

(घ) यदि 'बाट' का अर्थ जीवन का मार्ग है, तो 'बटोही' कौन है? 1

(ङ) जीवन-मार्ग में सफलता कैसे पाई जा सकती है? 1

**13.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

समाचार-पत्रों में भ्रष्टाचार के प्रति जो इतना आक्रोश दिखाई पड़ता है वह सिद्ध करता है कि हम समाज में उन तत्त्वों की प्रतिष्ठा कम करना चाहते हैं, जो ग़लत तरीके से धन या मान संग्रह करते हैं। दोषों का पर्दाफाश करना बुरा नहीं है। बुराई यह है कि किसी के आचरण के ग़लत पक्ष को उद्घाटित करके उसमें रस लिया जाता है और दोषोद्घाटन को एकमात्र कर्त्तव्य मान लिया जाता है। बुराई में रस लेना बुरी बात है, अच्छाई में उतना ही रस लेकर उसे उजागर न करना और भी बुरी बात है। कैसे कहूँ कि मनुष्यता समाप्त हो गई! ठगा भी गया हूँ, धोखा भी खाया है, परन्तु केवल ऐसी ही बातों का हिसाब रखूँ तो जीवन कष्टकर हो जाएगा। आशा की ज्योति बुझी नहीं है। महान भारतवर्ष को पाने की सम्भावना बनी हुई है, बनी रहेगी।

(क) समाचार-पत्रों में किन बातों के प्रति आक्रोश दिखाई पड़ता है? 1

(ख) समाचार-पत्रों का यह रवैया क्या प्रमाणित करता है? 1

(ग) यदि दोषों को बेपर्दा करना बुरा नहीं है, तो लेखक को समाचार-पत्रों के रवैये पर आपत्ति क्यों है? 1

(घ) लेखक ने 'बुरी बात' और 'और भी बुरी बात' किसे कहा है? 1

(ङ) लेखक के विचार से जीवन कब कष्टकर हो जाएगा? 1

(च) लेखक किस बात के प्रति आश्वस्त है? 1

(छ) गद्यांश से इन शब्दों के विलोम चुनकर लिखिए : 1

गुण ; निराशा।

(ज) कोई एक मुहावरा चुनकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

(झ) 'उद्घाटित' का उपसर्ग और प्रत्यय अलग कीजिए। 1

(ञ) तत्सम और आगत शब्दों का **एक-एक** उदाहरण चुनकर लिखिए। 1

(ट) संधि-विच्छेद कीजिए : 1

दोषोद्घाटन ; भ्रष्टाचार।

**14.** कोष्ठक में दिए निर्देशानुसार कीजिए :

(क) क्या तिब्बत म्याँमार और इंडोनेशिया की लिपियाँ भी ब्राह्मी लिपि से विकसित हुई हैं (विराम चिह्न लगाकर लिखिए) 1

(ख) नेताजी आए और कार्यक्रम शुरू हो गया। (मिश्र वाक्य में बदलिए) 1

(ग) पत्र का उत्तर भेज दिया गया है। (कर्तृवाच्य में बदलिए) 1

(घ) कृपया करके हमारे घर आ जाइए। (वाक्य शुद्ध कीजिए) 1

(ङ) तंत्र-मंत्र ; खाद्य-पदार्थ (किसी **एक** का विग्रह कर समास का नाम भी लिखिए) 1

**15.** निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग **एक-तिहाई** शब्दों में लिखिए और उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए : 4

एक नाटक का नाम है—'जिसने लाहौर नहीं देखा, वह जन्मा ही नहीं'। हम कहते हैं—जिसने लखनऊ की रेवड़ी नहीं चखी, वह जन्मा ही नहीं। यों मेरठ, दिल्ली, मुरैना वाले भी अपनी रेवड़ियों की प्रशंसा करते नहीं अघाते, पर लखनऊ वालों को अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनने की कोई ज़रूरत ही नहीं। जो खाता है वह दीवाना हो जाता है, जो नहीं खाता वह एक अभाव का काँटा समेटे चलता है—काश, कभी...। बस, मधुमेह वाले तरसते हैं और अपने डॉक्टरों पर बरसते हैं—''दो-चार रेवड़ियाँ चख लें तो क्या हो जाएगा? फिर आप किस मर्ज़ की दवा हैं?'' बेचारे। इस साल तो लखनऊ की रेवड़ियाँ पाँच महाद्वीप, सात-समुन्दर पार कर उत्तरी ध्रुव में अपनी सुगन्ध और मधुरता पहुँचा आई हैं। पंद्रह अगस्त, 2008 को भारतीय वैज्ञानिकों ने अपने अनुसंधान केन्द्र पर तिरंगा झण्डा फहराया, 'जन-गण-मन' गाया और उसके बाद मुँह मीठा किया लखनऊ की खस्ता रेवड़ियों से। अभियान दल के सदस्य डॉ० ध्रुवसेन सिंह का रेवड़ी-प्रेम वहाँ देशप्रेम का भी पर्याय बन गया।

**अथवा**

कल्पना कीजिए कि आप एक पत्रकार के रूप में लखनऊ से उत्तरी ध्रुव (आर्कटिक) में स्थित भारतीय वैज्ञानिक केन्द्र 'हिमाद्रि' तक डॉ० ध्रुवसेन सिंह और उनके वैज्ञानिक दल के साथ गए थे। 15 अगस्त, 2008 को 'हिमाद्रि' पर मनाए गए स्वतंत्रता दिवस समारोह पर एक प्रतिवेदन (रिपोर्ट) लिखिए।

**16.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *300* शब्दों का निबन्ध लिखिए : 8

(क) मोबाइल बिना सब सूना

(ख) लोकतंत्र और चुनाव

(ग) पर्यावरण प्रदूषण से कैसे बचें

(घ) प्रगति की ओर भारत के कदम

**17.** निम्नलिखित में से किसी **एक** का भाव पल्लवन कीजिए : 3

(क) जो बीत गई सो बात गई

(ख) अविवेक : आपत्तियों का घर

**18.** 'टिप्पण' किसे कहा जाता है? टिप्पण लेखन के प्रकारों को स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

प्रारूपण किसे कहते हैं? इसकी **दो** प्रमुख विशेषताओं को सोदाहरण समझाइए।

**19.** कार्मिक विभाग, गृह मंत्रालय के मुख्य लिपिक ने 3 मार्च, 2009 से 13 मार्च, 2009 तक अर्जित अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया है। उनके अवकाश की मंजूरी के लिए उपनिदेशक (प्रशासन) की ओर से कार्यालय आदेश का मसौदा तैयार कीजिए। 4

**20.** भारत के कुछ राज्यों में पंचायतों में महिलाओं की स्थिति निम्नलिखित आँकड़ों में दी गई है। इसे दण्ड आरेख द्वारा प्रदर्शित कीजिए : 4

| **राज्य** | **पंचायतों में महिलाएँ** (%) |
|---|---|
| पंजाब | 14 |
| बिहार | 20 |
| केरल | 20 |
| महाराष्ट्र | 21 |
| आंध्र | 27 |
| त्रिपुरा | 34 |

**21.** रात में यात्रा करते हुए आपकी बस एक निर्जन स्थान में खराब हो गई। अपने अनुभवों को लगभग *40* शब्दों में लिखिए। 2

## खण्ड–ख

## ( सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी )

**22.** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के अर्थ स्पष्ट कीजिए : 1

(क) अग्रलेख

(ख) इंटरनेट

(ग) ई-मेल

**23.** (क) संचार माध्यमों में विज्ञापन की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। 2

(ख) संचार माध्यमों के किन्हीं **दो** उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए। 2

**24.** रेडियो **अथवा** टी० वी० की भाषा की **चार** विशेषताओं को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 4

**अथवा**

प्रेषक से प्राप्तकर्ता तक सूचना पहुँचने की प्रक्रिया को आरेख सहित स्पष्ट कीजिए।

**25.** (क) मुम्बई में आतंकी हमलों के बाद ताज होटल के पुनः खुलने के समाचार का छोटा-सा आलेख लिखिए। 3

(ख) आपके पिता चण्डीगढ़ स्थित अपने घर को बेचना चाहते हैं। उसका संक्षिप्त विवरण देते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 3

## खण्ड–ग

## ( विज्ञान की भाषा—हिन्दी )

**22.** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** को परिभाषित कीजिए : 1

(क) क्वथनांक

(ख) ऊर्जा

(ग) कर्सर

**23.** (क) अंधविश्वास किसे कहते हैं? वैज्ञानिक दृष्टि अंधविश्वासों को परखने में कैसे सहायक होती है? 2

(ख) प्राचीन भारत में धातुविज्ञान **अथवा** चिकित्सा के क्षेत्र में प्राप्त वैज्ञानिक उपलब्धियों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 2

**24.** जनसंख्या नियंत्रण के किन्हीं **चार** उपायों पर प्रकाश डालिए। 4

**अथवा**

जनसंख्या-वृद्धि का पर्यावरण पर किस प्रकार प्रभाव पड़ता है?

**25.** (क) विज्ञान की भाषा की किन्हीं **तीन** विशेषताओं को सोदाहरण समझाइए। 3

(ख) कम्प्यूटर से हिन्दी में काम करने में सहायक सॉफ्टवेयरों/प्रोग्रामों में से किन्हीं **तीन** पर प्रकाश डालिए। 3

★ ★ ★